

बुरहानपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर

बुरहानपुर। गुरुवार को कलेक्टर श्री विवेक कुमार बुरहानपुर शहर के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधनए जल संरक्षण एवं नगरीय विकास से जुड़े कार्यों का जायजा लिया। भ्रमण की श्रृंखला में कलेक्टर श्री कुमार ने बोहरडा स्थित लिगेसी डंपसाईट एवं मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी ;एमआरएफद्ध इकाई का अवलोकन किया। यहां उन्होंने गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण एवं उचित निस्तारण की प्रक्रिया तथा खाद तैयार करने की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि यह कार्य वैज्ञानिक एवं निर्धारित क्रियाकलापों के अनुरूप ही किया जाये तथा स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा साधनों पर भी ध्यान दिया जाये। इसी क्रम में कलेक्टर श्री कुमार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचेए वहां उन्होंने ट्रीटमेंट प्लांट की संपूर्ण प्रक्रियाए प्लांट में उपयोग की जा रही मशीनों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं को देखा तथा उनके संचालन और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली।

संविधान दिवस पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर लिया संकल्प



बुरहानपुर। लोकतंत्र में निर्वाचक नामावली की शुद्धता सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। फोटो निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में बीएलओ की भूमिका अहम् है। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विवेक कुमार ने गुरुवार को परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में फॉर्म.6 के संबंध में आयोजित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की समीक्षा बैठक में कही। कलेक्टर श्री कुमार ने बीएलओ से संवाद किया तथा विशेष अभियान के तहत 12 नवंबर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर समीक्षा की। कलेक्टर श्री कुमार ने कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी बीएलओ को प्राथमिकता के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय.सीमा में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ हीए सुपरवाइजर्स को मैदानी स्तर पर जाकर कार्यों की निगरानी करने तथा आपसी समन्वय से कार्य पूर्ण कराने की बात कही। उन्होंने बीएलओ सुपरवाईजरवार बीएलओ से चर्चा की एवं लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ति हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कार्यों की गति धीमी एवं संतुष्टिपूर्ण जवाब ना मिलने पर दर्जाटिया बीएलओ को नोटिस जारी करते हुए निलंबन की कार्यवाही के लिये उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाटीदार को कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने एवं गहनता से समीक्षा करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया तथा संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति निष्ठा रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश पाटीदारए सिटी मजिस्ट्रेट श्री तपीश पाण्डेए नगर निगमायुक्त श्री संदीप श्रीवास्तवए अन्य अधिकारीगणए बीएलओ सुपरवाइजरए बीएलओ सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संविधान के मूल्योंए अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का लिया संकल्प

शाहपुर। नगर परिषद शाहपुर में आज दिनांक 26 नवंबर 2026 को शासन निर्देशानुसार संविधान दिवस कार्यक्रम का गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय संविधान के महत्वए लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम डॉण् बाबा साहब अम्बेडकर जी के चित्र पर उपस्थित परिषद् पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण कर भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। सभी ने संविधान में निहित न्यायए स्वतंत्रतासमता एवं बंधुता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा संविधान की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। संविधान प्रत्येक नागरिक को समानताए स्वतंत्रता एवं न्याय का अधिकार प्रदान करता है। साथ ही प्रत्येक नागरिक को देश की एकताए अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की जिम्मेदारी भी सौंपता है। संविधान दिवस हमें बाबा साहेब डॉण् भीमराव अंबेडकर एवं संविधान सभा के सभी महान सदस्यों के योगदान का स्मरण कराता है। कार्यक्रम में संविधान के मौलिक अधिकारों के साथ.साथ मौलिक कर्तव्यों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

संविधान दिवस पर अधिकारियों.कर्मचारियों ने किया उद्देशिका का सामूहिक वाचन

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालयए बुरहानपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति निष्ठा का संकल्प लियाण् इस अवसर पर देशभक्ति के नारों के साथ संविधान के प्रति सम्मान एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना व्यक्त की गई। कलेक्टर श्री विवेक कुमार के मार्गदर्शन में सामूहिक वाचन के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथ वास्कलए एडिशनल सीईओ जिला पंचायत श्री बलवंत नलवाईए डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिवानी सिरमाचे सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे। इसी कड़ी में जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों में भी संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया।

संविधान की ताकत समानता और सामाजिक न्याय में, युवा विकसित भारत के निर्माण में निभाएं अग्रणी भूमिका . सांसद ज्ञानेश्वर पाटील

बुरहानपुर। संविधान दिवस के अवसर पर खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने गुरुवार को पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालयए बुरहानपुर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद कर संविधान के महत्वए बाबा साहेब डॉण् भीमराव अंबेडकर जी के योगदान और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे।उन्होंने संविधान को देश के लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि इसकी सबसे बड़ी ताकत समानताए सामाजिक न्याय और



. युवा केवल नौकरी पाने वाले नहीं,रोजगार देने वाले बने

प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करना है।उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। वर्ष 2024 में संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण हुए। संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर दिया है। इसके निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब डॉण् भीमराव अंबेडकर जी का योगदान अविस्मरणीय है। शिक्षाए समानता और सामाजिक न्याय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को आगे बढ़ाने का उनका विचार आज भी प्रासंगिक है।

कांग्रेस के कार्यकाल में लिखा गया काला अध्याय–सांसद ने संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में आपातकाल का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के कार्यकाल में मौलिक अधिकारों के निलंबनए प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी को लोकतंत्र का काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि संविधान का सम्मान सभी राजनीतिक दलों और देशवासियों की समान जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुईलाबा साहेब से जुड़े पंचतीर्थों के विकास तथा जनधनए प्रधानमंत्री आवासए उज्ज्वला और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीब एवं वंचित वर्गों के सशक्तीकरण को सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई।

युवाओं की सोच और प्रतिभा से बनेगा विकसित भारत–विद्यार्थियों से संवाद के दौरान सांसद ने उन्हें पारंपरिक रोजगार की सोच से आगे बढ़कर उद्यमिता और नवाचार की दिशा में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा केवल नौकरी पाने वाले नहींए बल्कि रोजगार देने वाले भी बनें। समस्याओं की पहचान के साथ उनके समाधान तलाशने की क्षमता विकसित करें। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प युवाओं की प्रतिभाए परिश्रम और नवाचार से ही साकार होगा।

आयुर्वेद की परंपरा और चिकित्सा सेवा का महत्व बताया–सांसद ने भारत की प्राचीन आयुर्वेद परंपरा और आयुष पद्धति को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने भावी चिकित्सकों से कहा कि चिकित्सा सेवा में मरीज की जातिए धर्म और आर्थिक स्थिति से ऊपर उठकर उसके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। मानव सेवा ही चिकित्सक का सबसे बड़ा धर्म है। मरीज के चेहरे पर लौटने वाली मुस्कान ही उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।कार्यक्रम के समापन पर संविधान के मूल्यों को आत्मसात करनेए मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया।आदित्य प्रजापति ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया थाए जो हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव है। हमारा संविधान हमें समानताए स्वतंत्रताए न्याय और बंधुत्व का अधिकार देता हैए साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा भी देता है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजनए भाजपा के वरिष्ठ नेता किशोर शाहएपिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू पाटीलए विठ्ठल चौधरीए जिला युवा अधिकारी अनमोल चतुर्वेदीए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉण् अरविंद पटेल डॉ दीपक वाभलेए पार्षद भरत इंगलेए महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन चेतन जाधव ने किया।



सेवासदन विधि महाविद्यालय में संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

बुरहानपुर। सेवासदन विधि महाविद्यालय में 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर के निर्देषन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कु. अनुपमा मुजाल्दे मैडम (जिला विधिक सहायता अधिकारी बुरहानपुर) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्राचार्य डॉ. मोहन सोनी ने स्वागत भाषण के अंतर्गत भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान में निहित मूल्यों एवं मौलिक कर्तव्यों का पालन करने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। साथ ही विद्यार्थियों एवं उपस्थित शिक्षकों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा संविधान के निर्माण, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि कु. अनुपमा मुजाल्दे मैडम ने भारतीय संविधान दिवस की बधाई देते हुये विधिक सहायता में पोस्को एक्ट संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। महिलाओं के भरण पोषण से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी भी दी। उक्त कार्यक्रम की सफलता पर समिति उपाध्यक्ष व विधि विभाग प्रमुख श्री सुरेषचंद्रजी मुंधी एवं सचिव श्री के. डी. पटेल ने सराहना करते हुये हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर लीगल एड क्लिनिक प्रभारी डॉ. शेरसिंह पवार, सेवासदन महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ. राजेष काले, सहित समस्त प्राध्यापकगण, पेरालीगल वॉलीन्टीयर एवं एनएसएस के स्वयंसेवक सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

बुरहानपुर। भारतीय संविधान के गौरवए लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा एवं बौद्ध समाज बहुउद्देशीय विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों ने उत्साह एवं सम्मान के साथ सहभागिता करते हुए संविधान के प्रति अपनी आस्था और प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संविधान के शिल्पकार परम पूज्य डॉण् बाबासाहेब आंबेडकर जी सहित समस्त महापुरुषों के छायाचित्र एवं प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर मानवंदना देने के साथ किया गया। उपस्थित समाजजनों ने महापुरुषों के विचारों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने एकजुट होकर जयघोष के साथ डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर अमर रहें ,भारतीय संविधान अमर रहेए के नारे लगाए। पूरा वातावरण जय भीम के नारों से गूंज उठा। संविधान दिवस की खुशियां साझा करते हुए उपस्थित समाजजनों ने एक.दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भारतीय बौद्ध महासभा एवं बौद्ध समाज बहुउद्देशीय विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में संवैधानिक जागरूकताए सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

संविधान भारत की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है-चिटनिस

बुरहानपुर। 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध ने बुरहानपुर में भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉण् भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब के त्यागए संघर्ष एवं दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण किया।



श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि 26 नवंबर 1949 का दिन भारतीय इतिहास में अत्यंत गौरवशाली और ऐतिहासिक महत्व रखता है। इसी दिन संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत किया था। हमारा संविधान महज एक कानूनी दस्तावेज नहींए बल्कि देश की एकताए अखंडताए संप्रभुता और लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत आधार है। यह प्रत्येक नागरिक को समान अधिकारए सम्मान और आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने विविधताओं से भरे देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। न्यायए स्वतंत्रताए समानता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्य हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा हैं। संविधान सामाजिक समरसताए आपसी सद्भाव और प्रत्येक वर्ग के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करता है। विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में संविधान की भावना के अनुरूप सभी नागरिकों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि बाबा साहेब डॉण् भीमराव अंबेडकर का संविधान निर्माण में योगदान अतुलनीय है। उनके दूरदर्शी विचारोंए गहन अध्ययन और सामाजिक न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने देश को एक ऐसी संवैधानिक व्यवस्था प्रदान कीए जो प्रत्येक नागरिक को समानता और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार देती है। उनका संघर्ष और विचार आज भी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मानए अधिकार और अवसर दिलाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ.साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का संदेश देता है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक संपन्न



बुरहानपुर। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर श्री विवेक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी श्री अंकुश सिन्हा एवं अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अक्षय शर्मा द्वारा जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों की सितंबर 2026 तिमाही की प्रगति एवं वित्तीय उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त बैंकों के जिला समन्वयक एवं विभिन्न शासकीय विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। प्रस्तुतीकरण के दौरान जिले में बैंकों की जमा एवं ऋण स्थितिए ऋण.जमा अनुपातए वार्षिक साख योजनाए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण वितरण तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं वित्तीय समावेशन योजनाओं के अंतर्गत बैंकों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री कुमार द्वारा विभिन्न बैंकिंग योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्तिए लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से बैंक ऋण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। वहीं बैठक में जिले की बैंकिंग गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनानेए शासकीय योजनाओं में बैंकों एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

भाजपा जिला बुरहानपुर द्वारा संविधान गौरव दिवस मनाया गया,बाबा साहब के योगदान को किया याद

बुरहानपुर । भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा दिनांक 26 नवंबर 2026 गुरुवार को संविधान गौरव दिवस के रूप में गांधी हॉल बुरहानपुर में कार्यक्रम का आयोजीत कर मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्तृता ,प्रदेश भाजपा प्रवक्तृता ,पूर्व मंत्री ,बुरहानपुर विधायक एवं श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी,अध्यक्षता डॉ. मनोज माने भाजपा जिलाध्यक्ष बुरहानपुर द्वारा की गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलिप भाई अाँक , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी प्रदीप पाटील, जिला उपाध्यक्ष एवं शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी ,जिला महामंत्री चिंतामन महाजन,ईश्वर चौहान, अनुसुचित जाती मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार वाद्य ,कैलीश पारीक सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलीत कर एंव वंदे मातरम के गायन से किया गया। श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2015 से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू की और यात्रा निकाली थी।

विधायक अर्चना चिटनिस और कलेक्टर विवेक कुमार ने मंडी बाजार की सब्जी मंडी और शनवारा से गणपति थाना चौराहे तक निर्माणाधीन मार्ग का किया निरीक्षण

बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध ने कलेक्टर विवेक कुमार एवं अधिकारियों के साथ मंडी बाजार स्थित सब्जी मंडी तथा शनवारा चौराहे से गणपति थाना चौराहे तक निर्माणाधीन मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा व्यापारियोंए सब्जी विक्रेताओं और आम नागरिकों को होने वाली कठिनाइयों को जाना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं और आवश्यकताओं का आकलन कर व्यवस्थाओं में सुधार के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर बहुत पुराना और ऐतिहासिक शहर है। जिस समय इसकी मूल व्यवस्था और आधारभूत संरचना विकसित की गई थीए उस समय जनसंख्या सीमित थी और लोगों की आवश्यकताएं एवं आकांक्षाएं भी आज की तुलना में अलग थीं। समय के साथ जनसंख्या कई गुना बढ़ी है। आवागमनए व्यापारिक गतिविधियों और नागरिक सुविधाओं की जरूरतों में भी बड़ा बदलाव आया है। इसलिए शहर की पुरानी व्यवस्थाओं का पुनर्मूल्यांकन कर वर्तमान परिस्थितियों और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकास की व्यापक कार्ययोजना तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहर का विकास केवल आज की समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं होना चाहिएए बल्कि आगामी 20.25 वर्षों की आबादीए आवश्यकताओं और संभावनाओं को ध्यान में रखकर योजना बनाई जानी चाहिए। यह आकलन किया जाए कि किन क्षेत्रों में नई आधारभूत संरचनाओं की आवश्यकता हैए कहां नई मंडी अथवा अन्य व्यावसायिक सुविधाओं के विकास की जरूरत है और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किन व्यवस्थाओं में बदलाव आवश्यक है। यातायातए बाजारए मंडीए पार्किंगए सार्वजनिक सुविधाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं को व्यवस्थित करने के लिए दूरदर्शी योजना बनाई जाएए जिससे नागरिकों को अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था से राहत मिल सके। मंडी बाजार स्थित सब्जी मंडी के निरीक्षण के दौरान श्रीमती चिटनिस ने वहां की व्यवस्थाओंए पार्किंगए आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ी कठिनाइयों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मौके पर सामने आई समस्याओं और आवश्यकताओं का विस्तृत आकलन किया जाए। मंडी क्षेत्र की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करेंए ताकि सभी पहलुओं पर विचार करते हुए उचित कार्ययोजना बनाई जा सके। वहींए शनवारा चौराहे से गणपति थाना चौराहे तक निर्माणाधीन मार्ग पर लगभग 3ण्91 करोड़ रुपए की लागत से सड़क चौड़ीकरणए डिवाइडरए सेंट्रल लाइटिंग एवं विद्युत पोल शिफ्टिंग के कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों की कुल लागत 391ण्15 लाख रुपए है। इसमें डिवाइडर एवं सेंट्रल लाइटिंग कार्य के लिए 208ण्04 लाख रुपएए सड़क चौड़ीकरण के डब्ल्यूएमएम कार्य के लिए 109ण्69 लाख रुपए तथा विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए 73ण्42 लाख रुपए निर्धारित हैं। मार्ग पर विद्युत संबंधी कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही इंदौर.इच्छापुर के नए फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के बाद पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग जो बुरहानपुर से होकर गुजरता हैए का वन टाइम इम्प्रवमेंट के तहत कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को भाग्याग्राप्राप्ते कराकर लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश शासन को हस्तांतरित किया जा रहा है।